दिनांक 13-12-2021 को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

जनता कॉलेज बकेवर इटावा में दिनांक 13-12-2021 को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रतियोगिता में विज्ञान वर्ग के समस्त छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया |प्रतियोगिता की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य जी डॉ राजेश त्रिपाठी जी ने की । साथ ही उन्होंने छात्र/छात्राओं का मार्गदर्शन अपने उद्‌बोधन द्‌वारा किया । प्रतियोगिता प्रभारी डॉ इंदु बाला मिश्रा व्याख्याता गणित विभाग रही एवं समिति सदस्य भौतिक विज्ञान विभाग के व्याख्याता डॉ प्रकाश दुबे एवं रसायन विज्ञान विभाग के व्याख्याता डा. नवीन अवस्थी रहे |कुल 68 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया,उपस्थित कुल प्राध्यापकों की संख्या 20 रही| प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत है - अचल मॉडल में प्रथम समूह में (कंप्यूटर विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय) मानसी गुप्ता एम.एस-सी.-जैव प्रौद्‌योगिकी पूर्वार्ध प्रथम , रोशनी पाल बीएससी तृतीय वर्ष जीवविज्ञान द्‌वितीय तथा निशा बीएससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर विज्ञान तृतीय स्थान पर रहीं | द्‌वितीय समूह गणित संकाय में बीएससी प्रथम सेमेस्टर दिव्यांशी त्रिपाठी प्रथम , मोहित राजपूत द्‌वितीय तथा जय सोनी एवं अमरदीप संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर विजेता रहे |

- चल मॉडल में प्रथम समूह कंप्यूटर विज्ञान एवं जीव विज्ञान संकाय के बीएससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन की अनुजा दीक्षित एवं रितु दीक्षित प्रथम स्थान पर ,बीएससी तृतीय जीव विज्ञान की तृप्ति द्‌वितीय स्थान पर तथा केशव तिवारी बीएससी प्रथम सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लीकेशन तृतीय स्थान पर विजेता रहे तथा गणित संवर्ग से द्‌वितीय समूह में सौम्या त्रिपाठी ,सुमित कुमार,समध सिंह,रजत कुमार एवं अंकित सिंह चौहान संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहे , बीएससी प्रथम सेमेस्टर की रूबी शर्मा एवं रितु संयुक्त रूप से द्‌वितीय स्थान पर रहीं | बीएससी प्रथम सेमेस्टर की मेधा तिवारी एवं नंदिनी शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं |इस प्रतियोगिता में डॉ ए. के. पाण्डेय, डॉ आनंद सिंह, डॉ एस. पी. मौर्य , डॉ डी. जे. मिश्र , डॉ प्रकाश दुबे , डॉ योगेश शुक्ला , श्री अश्विनि मिश्र , श्री अजय शर्मा, श्री अजीत अग्निहोत्री आदि शिक्षक उपस्थित रहे।